





## नागिन 6 की फिर गिरी रेटिंग, रूपाली गांगुली की अनुपमा ने भी खाए हिचकोले

टीवी की दुनिया में 15वें हफ्ते की टीआरपी रेटिंग आ गई है। एक बार फिर से रूपाली गांगुली की अनुपमा, ये रिश्ता क्या कहलाता है, इमली और गुम है किसी के प्यार में जहां सबसे ज्यादा देखे जाने वाले शो बने हैं, वहीं नागिन 6 की रेटिंग एक बार फिर गिर गई है। तेजस्वी प्रकाश का यह शो अब टॉप–5 का हिस्सा नहीं है। यही नहीं, रेटिंग के मामले में अनुपमा को भी हल्का झटका लगा है। द कपिल शर्मा शो टॉप–10 में भी जगह नहीं बना पाया है। श्तारक मेहता का उल्टा चश्मा भी बड़ी मुश्किल से टॉप–10 में जगह मिली है। लेकिन 9वें पायदान चार टीवी सीरियल में टक्कर है। रूपाली गांगुली, गौरव खन्ना, सुधांशु पांडे और मदालसा शर्मा स्टारर अनुपमा ने एक बार फिर साबित किया है, वह नंबर–1 है। इस सीरियल को 15वें हफ्ते में सबसे ज्यादा देखा गया है। हालांकि, पिछली रिपोर्ट के मुकाबले इस बार सीरियल को घाटा हुआ है। 14वें हफ्ते में अनुपमा को 3.0 रेटिंग मिली थी, जो इस बार घटकर 2.8 हो गई है। टीआरपी की रेस में नंबर–2 के पायदान पर आयशा सिंह, नील भट्ट, ऐश्वर्या शर्मा स्टारर गुम है किसी के प्यार में सीरियल है। शो में सचिन श्रॉफ की नई एंट्री हुई है।

## शादी के बाद काम पर लौटीं आलिया भट्ट

आलिया भट्ट शादी के बाद काम पर लौट चुकी हैं। 14 अप्रैल को रणबीर कपूर के साथ सात फेरे लेने के बाद आलिया जहां 20 अप्रैल को जैसलमेर पहुंची थीं। वहीं अब वह रणवीर सिंह के साथ फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी फिल्म की शूटिंग के लिए दिल्ली में हैं। फिल्म के सेट से आलिया की कुछ तस्वीरें सामने आई हैं, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। दुल्हनिया आलिया भट्ट की तरह ही उनके हमदम रणबीर भी शादी के दो दिन बाद ही मुंबई में शूट और रिकॉर्डिंग स्टूडियो के बाहर स्पॉट किए गए थे। ऐक्ट्रेस चुरनी गांगुली ने रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के सेट से दो तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। इसमें आलिया भट्ट के साथ फिल्म की कास्ट से रणवीर सिंह भी नजर आ रहे हैं। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए चुरनी ने लिखा है, धर्मेंद्र जी, जया बच्चन और शबाना आजमी जैसे दिग्गजों के साथ मंच साझा करने के लिए एक्साइटेड हूं। और हां, यकीनन आलिया भट्ट और रणवीर सिंह, दोनों बेहतरीन ऐक्टर्स और बहुत ही प्यारे हैं। रॉकी और रानी की प्रेम कहानी को करण जौहर डायरेक्ट कर रहे हैं। यह फिल्म 10 फरवरी 2023 को रिलीज होगी। इस कपल ने बीते दिनों जहां बेहद निजी समारोह में शादी की, वहीं काम के कारण हनीमून का प्लान भी कैंसल कर दिया है।

## बबीता जी ने अंग्रेजी गाने पर किया ग्लैमरस डांस, फैन बोले– ये तो फायर निकली

टीवी सीरियल तारक मेहता का उल्टा चश्मा की बबीता जी यानी मुनमुन दत्ता की जबरदस्त फैन फॉलोइंग है। यह शो एक दशक से भी अधिक समय से दर्शकों को गुदगुदा रहा है। मुनमुन दत्ता की खूबसूरती पर सिर्फ जेठालाल ही नहीं, करोड़ों फैंस फिदा हैं। तमाम विवादों के बीच भी मुनमुन की फैन फॉलोइंग पर कोई असर नहीं पड़ता। वैसे, मुनमुन भी अपने फैंस को रिझाना जानती हैं। टीवी की इस दिलकश बबीता जी ने अब एक नया रील वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह डेमी लोवेटो के पॉप्युलर सॉन्ग कूल फॉर द समर पर कातिलाना डांस मूव्स दिखा रही हैं। बबीता जी की इस बोल्ड अदा ने सोशल मीडिया पर गजब का माहौल बना दिया है। मुनमुन ने अपने चाहने वालों के लिए यह रील वीडियो गुरुवार को पोस्ट किया है। गाने पर मुनमुन के बोल्ड डांस स्टेप्स देख फैंस जमकर कॉमेंट कर रहे हैं। वीडियो को 1 लाख 35 हजार से अधिक लाइक्स मिल चुके हैं। जबकि हजारों कॉमेंट्स में फायर और हार्ट वाले इमोजी की बारिश हो रही है। इसमें कोई दोराय नहीं है कि हमेशा सोबर सी दिखने वाली मुनमुन का ऐसा ग्लैमरस बोल्ड अवतार बहुत कम देखने को मिलता है। यही कारण है कि उनका यह वीडियो खूब वायरल भी हो रहा है। एक यूजर ने कॉमेंट करते हुए लिखा है, बबीता जी तो फायर निकलीं।

# केजीएफ 2 में गदर काटने के लिए स्टार्स ने ली है करोड़ों में फीस

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



*केजीएफ 2 की धूम दुनियाभर में मची हुई है। 14 अप्रैल 2022 को रिलीज हुई केजीएफ 2 ने 8 दिनों में हिंदी से 264 करोड़ का बिजनेस कर इतिहास रच दिया है। सुपरस्टार यश, संजय दत्त और श्रीनिधि की श्केजीएफ 2श का क्रेज फैंस के बीच इतना ही कि फैंस इस फिल्म को लेकर लगातार सोशल मीडिया पर रिएक्ट कर रहे हैं तो वहीं इस फिल्म के डायलॉग से लेकर किरदारों को घोटकर पी चुके हैं। आइए आज आपको करोड़ों की कमाई करने वाली केजीएफ 2 के लिए स्टारकास्ट ने कितनी फीस ली? यश से लेकर संजय दत्त ने करोड़ो की मोटी रकम वसूल की है। जानिए किसने कितने रुपये चार्ज किए हैं।*

**केजीएफ 2 की स्टारकास्ट की फीस डिटेल**

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, केजीएफ की जान यश ने केजीएफ 2 के रॉकी भाई किरदार के लिए करीब 25 से 27 करोड़ रुपये वसूल किए हैं।

**अधीरा के लिए संजय दत्त ने वसूल की भारी-भरकम फीस**

केजीएफ 2 में आकर्षक लुक में नजर आए संजय दत्त ने भी अच्छी खासी फीस वसूल की है। मीडिया रिपोर्ट की मानें तो संजय दत्त ने 9 से 10 करोड़ रुपये चार्ज किए हैं।

**केजीएफ 2 की ऐक्ट्रेस श्रीनिधि ने कितनी फीस ली है**

यश के अपोसिट कास्ट हुईं श्रीनिधि के करियर की केजीएफ सबसे बड़ी फिल्म है। उनका करियर ही यही से उफान पर आया। केजीएफ के बाद एक बार फिर वह इसके सीक्वल में नजर आईं। इस फिल्म के लिए उन्होंने करीब 3–4 करोड़ रुपये की फीस ली है।




**रमिका सेन के लिए रवीना टंडन को कितनी फीस मिली**

केजीएफ 2 में रवीना टंडन ने प्रधानमंत्री रमिका सेन का किरदार निभाया। उन्होंने इस रोल के लिए करीब 1–2 करोड़ रुपये चार्ज किए।

**केजीएफ 2 के लिए प्रकाश राज की फीस**

केजीएफ 2 में प्रकाश राज ने विजेंद्र का किरदार निभाया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उन्होंने 80–85 लाख रुपये चार्ज किए।

**केजीएफ 2 के मालविका अविनाश ने कितने रुपये लिए**

मीडिया रिपोर्ट्स का कहना है कि केजीएफ 2 में एंकर का किरदार निभाने वाली मालविका अविनाश ने करीब 60–65 लाख रुपये चार्ज किए। उन्होंने एक ऐसा किरदार निभाया जो इस कहानी को आगे बढ़ाती हैं। आनंद का किरदार फिल्म में अनंत नाग ने प्ले किया। केजीएफ 2 की सच को बाहर लाने वाले आनंद का किरदार फिल्म में अनंत नाग ने प्ले किया। उन्होंने इस भूमिका को निभाने के लिए 50–52 लाख रुपये चार्ज किए।

# सलमान खान ने रेंट पर दिया बांद्रा वाला घर



*बॉलिवुड के भाईजान सलमान खान लग्जूरियस गैलेक्सी अपार्टमेंट में रहते हैं। सपनों की नगरी मुंबई में उनकी और भी कई सारी प्रॉपर्टीज हैं। अगर आप सलमान को शुरुआती करियर से फॉलो कर रहे हैं तो आपको पता होगा कि वो हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के सबसे ज्यादा कमाई करने वाले ऐक्टर्स में से एक हैं। उनकी नेटवर्थ इतनी है कि आप सुनकर दांतों तले उंगलियां दबा लेंगे, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने अपना बांद्रा वाला एक अपार्टमेंट किराए पर उठाया है। इसके लिए वो हर महीने इतने रुपये वसूलते हैं कि आप सुनेंगे तो दिमाग सुन्न पड़ जाएगा।*

खबरों की मानें तो सलमान खान के पास कई सारी प्रॉपर्टीज हैं। इसलिए उन्होंने अपना बांद्रा वाला अपार्टमेंट रेंट पर उठाने का फैसला किया। ये अपार्टमेंट शिव अस्थान हाइट्स, बांद्रा वेस्ट, मुंबई में है। बताया जाता है कि ये फ्लोर 14वें फ्लोर पर है और सिर्फ 758 स्क्वॉयर फीट में फैला है, लेकिन इतना कम ऐरिया होने के बाद भी इसका हर महीने का किराया 95 हजार रुपये है।

**किराएदार ने जमा किए 2.85 लाख रुपये**

मनी कंट्रोल की रिपोर्ट के अनुसार, 'चामल.बवउ द्वारा एक्सेस किए गए डॉक्युमेंट में सलमान खान के अपार्टमेंट के लिए एग्रीमेंट का खुलासा हुआ है। ऐसा कहा जाता है कि फ्लैट 6 दिसंबर 2021 को रजिस्टर्ड किया गया था। इस रिपोर्ट में ये भी बताया गया है कि घर के लिए 33 महीने का एग्रीमेंट हुआ है। किराएदार ने कथित तौर पर 2.85 लाख रुपये डिपॉजिट भी जमा किया है।

**इतनी है सलमान की नेटवर्थ**

अब ऊपर सलमान खान की नेटवर्थ का भी जिक्र हुआ तो आपको बता दें कि बॉलिवुड के श्दबंग खानश की नेटवर्थ 2255 करोड़ रुपये है। वो हर साल 192 करोड़ रुपये तक की कमाई करते हैं। इस कमाई का सबसे ज्यादा हिस्सा विज्ञापनों और टीवी शोज से आता है। वो बिग बॉस से अच्छी खासी कमाई करते हैं और एक ऐड के लिए 6 से 7 करोड़ रुपये चार्ज करते हैं।

**बाबा सिद्दीकी की पार्टी में आए थे नजर**

सलमान हाल ही में बाबा सिद्दीकी की इफ्तार पार्टी में नजर आए थे। उनके कई वीडियो सोशल मीडिया पर छाए। ये भी बताया गया कि उन्होंने अपनी चहेती शहनाज गिल का पार्टी में पूरा ध्यान रखा और उनके साथ काफी समय बिताया।